हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, मंगलवार, 28 अक्टूबर, 2025

तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

12 श्री श्याम शरणम समिति का तीसरा भव्य श्री श्याम..,

12 जलभराव से परेशान ग्रामीणों ने तहसीलदार...


## खबर संक्षेप



### एएसआई रमेश कुमार व फिरोज बने एसआई

**नारनौंद।** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने पुलिस चौकी किला बाजार हांसी में तैनात एएसआई रमेश कुमार व सीआईए नारनौंद में तैनात एएसआई फिरोज को सब इंस्पेक्टर पदोन्नत कर कंधे पर स्टार लगा सम्मानित किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार व फिरोज छह अक्टूबर 1995 को पुलिस विभाग में सिपाही पद पर भर्ती हुए थे। पुलिस विभाग में कार्य के प्रति समर्पित रहते हुए पदोन्नति पाकर सब इंस्पेक्टर के पद तक पहुंचे है।

### दो दिन में नगर निगम ने काटे आठ चालान

**हिसार।** नगर निगम स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है। रविवार-सोमवार को हुए निरीक्षण के दौरान सीएसआई व एएसआई कपिल ने मॉडल टाउन एक्सटेंशन में खुले में कचरा फैलाने पर 200 रुपये का चालान किया। एएसआई विजेता ने सिरसा रोड स्थित दुकानदार पर खुले में कचरा फेंकने पर 200 का चालान और नई सब्जी मंडी में सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने वाले दुकानदार पर 500 रुपये का चालान किया।

### बिजली का सामान चोरी करने वाला आरोपी काबू

**हांसी।** स्पेशल स्टाफ हांसी पुलिस ने बिजली घर से बिजली का सम्मान चोरी करने वाले दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान भिवानी जिले के गांव बड़सी जाटान निवासी मंजीत के रूप में हुई है। मुख्य सिपाही पवन कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी मंजीत ने अपने दोस्त के साथ मिलकर कुछ दिन पहले हांसी बिजली घर में से बिजली का सम्मान चोरी कर लिया था। स्पेशल स्टाफ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 हजार बरामद किया।

### गुजवि के 31वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आज

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का 31वां स्थापना दिवस 28 अक्टूबर को विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में मनाया जाएगा। समारोह में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. टीजी सीथाराम मुख्यातिथि होंगे। समारोह में एनबीपीजीआर-आईसीएआर, नई दिल्ली के पूर्व निदेशक प्रो. के.सी बंसल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई करेंगे।

# पूर्वांचल समाज के हजारों लोगों ने अस्ताचल गामी सूर्य को अर्घ्य दे मांगी मन्नतें

## 11 लाख ज्योतों से की छठ मैय्या की महाआरती

## आज उदीयमान सूर्य को देंगे अर्घ्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

■ सूर्य के हजार नामों से आहुतियां डलवाई

पूर्वांचल जन कल्याण संगठन समिति के तत्वाधान में सोमवार सायं जिंदल सरोवर, जिंदल पार्क मिल गेट में छठ पूजा महापर्व धूमधाम से मनाया गया। अनेक लोग दंडवत करते हुए सरोवर स्थल पर पहुंचे। महापर्व के संरक्षक भगवान सूर्यदेव थे। छठ पूजा का मूल रुप यहां देखने को मिला। सूर्य संहिता द्वारा सूर्य षष्ठी महायज्ञ करके आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ किया गया। आचार्य शिवपूजन मिश्र एवं आचार्य सुरेश प्रसाद मिश्र की देखरेख में सूर्य के हजार नामों से आहुतियां डलवाई। इससे पूर्व प्रातः 6 बजे शंख ध्वनि के साथ छठ महोत्सव का शुभारंभ किया गया। प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक घाट पूजन एवं घाट संरक्षण का कार्यक्रम चला। 12 बजे से दोपहर बाद 2 बजे तक सवा क्विंटल गन्ना, फूलमाला एवं छठ माता का श्रृंगार किया गया। 2 बजे से सूर्य षष्ठी महायज्ञ प्रारंभ किया गया। महायज्ञ के मुख्य यजमान समाजसेवी सुशील सोनी ऋषि नगर वाले रहे। अमृत योग में छठ व्रतियों ने सोना, चांदी, पीतल, एवं बांस के छाजों, जों, ढेकूआ, गुना, कसार, नारियल, अदरक, सेब, संतरा, शरीफा, सूथनी, मूली, गन्ना आदि अनेकानेक फलों से परिपूर्ण सूपों से अघ्य दिया। लोगों ने जल में प्रवेश कर सूर्य देवता की आराधना की। अस्ताचल गामी सूर्य को अघ्य देकर परिवार में सुख-शांति एवं आरोग्य बनाए रखने की मन्नतें मांगी गई। संगठन के प्रधान विनोद साहनी ने बताया कि 11 लाख ज्योतों के साथ छठ मईया की महाआरती की गई। मंच संचालन करते हुए समिति के कोषाध्यक्ष आचार्य शिवपूजन मिश्र एवं महासचिव आचार्य मुरलीधर पाण्डेय ने छठ मईया के इतिहास व महाव्रत के बारे में विस्तार से बताया।





**हिसार।** जिंदल सरोवर, जिंदल पार्क में पूजा अर्चना करते पूर्वांचल समुदाय के लोगों का ड्रोन से लिया गया छायाचित्र व पूर्वांचल समाज के लोग विधायक एवं पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल को सम्मानित करते हुए व छठ पूजा के मौके पर पूजन करते मेयर प्रवीण पोपली।

### छठ मइया के गीतों पर झूमे श्रद्धालु

समिति की कानूनी सलाहकार अर्चना पाण्डेय व बच्चों ने छठ मईया के गीत गाकर उपस्थित लोगों को गुनगुनाने के लिए मजबूर कर दिया। दूर-दराज से हजारों लोगों ने सरोवर पर पहुंचकर श्रद्धा भाव से छठ मईया की पूजा अर्चना की। अनिल उपाध्याय ने छठी मैय्या के गीत गाकर लोगों को झूमने के लिये मजबूर कर दिया। छठ पर्व के अंत में कुमरेश तिवारी, पुरुषोत्तम पाण्डेय व मुन्ना पाण्डेय ने अपनी मन्नत पूरी होने पर 721 दर्जन केले का प्रसाद छठी मैय्या को भेंट किये जिसका बाद में प्रसाद वितरण किया गया। 28 अक्तूबर को प्रातः 6 बजे उदीयमान सूर्य को अघ्य देकर चार दिवसीय महापर्व का समापन किया जाएगा। समापन के दौरान दो क्विंटल लड्डूओं का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### सावित्री जिंदल ने दी बधाई

इस अवसर पर मुख्यातिथि के रुप में हिसार की विधायक व पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल उपस्थित हुई। अध्यक्षता डॉ. राधेश्याम शुक्ल ने की। अति विशिष्ट अतिथि के रुप में नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली, केबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के पुत्र सुरेंद्र गंगवा व समाजसेवी कैप्टन प्रेम प्रकाश बिश्नोई जगान वाले उपस्थित हुए। छठ पर्व में पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर दयानंद सैनी, सावित्री जिंदल के पीए ललित शर्मा, पार्षद जगमोहन मित्तल, पार्षद संजय डालमिया, पार्षद भीम महाजन, पूर्व पार्षद टीनू जैन आदि विशेष रुप से उपस्थित हुए। सभी अतिथियों ने पूर्वांचल जन कल्याण संगठन समिति से जुड़े लोगों को छठ पर्व की बधाई दी।

## खाद के लिए किसानों के हाथों पर लग रही मोहर, जताई नाराजगी

# हांसी में डीएपी के लिए सुबह 4 बजे से लगी लाइन, बुलानी पड़ी पुलिस

### किसान बोले, अंग्रेजों का जमाना याद आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

उपमंडल में डीएपी खाद की किल्लत ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। अनाज मंडी के सामने स्थित एक किसान सेवा केंद्र पर खाद लेने के लिए सोमवार सुबह भारी भीड़ उमड़ी, जिसके कारण स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को मौके पर बुलाना पड़ा।

#### किसान इंतजार करते रहे

किसानों के अनुसार अपने खेतों में सरसों व गेहूं की फसलों की बिजाई के लिए आवश्यक डीएपी खाद लेने के लिए सुबह चार बजे से किसान सेवा केंद्र के बाहर लाइनें लगनी शुरू हो जाती हैं। सूरज निकलने तक सैकड़ों किसान अपनी बारी का इंतजार करते हैं।

इस दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए केंद्र के बाहर पुलिस की तैनाती करनी पड़ी, जिस पर किसानों ने सवाल उठाया कि खाद वितरण के लिए पुलिस की आवश्यकता क्यों पड़ रही है।



**हांसी।** किसान सेवा केंद्र के बाहर एकत्रित किसान की भीड़ व पुलिस।



**हांसी।** किसान सेवा केंद्र के कर्मचारियों द्वारा हाथ पर लगाई मोहर दिखाता किसान। फोटो : हरिभूमि

#### खाद के लिए किसान के हाथ पर मोहर लगाने पर किसानों में नाराजगी

किसान सेवा केंद्र पर डीएपी खाद लेने आए किसानों को टोकन के बजाय उनके हाथों पर मोहर लगाई जा रही थी, ताकि वे दोबारा लाइन में न लग सकें। इस प्रक्रिया पर कई किसानों ने नाराजगी व्यक्त की। गंगनखेड़ी गांव के एक किसान ने कहा कि हम यहां खाद लेने आए हैं, और अपराधी नहीं। हाथ पर मोहर लगाना अंग्रेजों के जमाने की याद दिलाता है।

#### एक किसान को मिल रहे हैं केवल दो कट्टे

किसान सेवा केंद्र के इंचार्ज अमित यादव ने बताया कि वर्तमान में लगभग एक हजार कट्टे डीएपी खाद ही उपलब्ध हैं। सीमित स्टॉक के कारण, प्रत्येक किसान को एक आधार कार्ड पर केवल दो कट्टे खाद ही दिए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक किसानों तक खाद पहुंच सके।

#### महिलाओं की भी लंबी कतारें, दावों पर सवाल

डीएपी खाद के लिए केंद्र के बाहर महिलाओं की भी लंबी कतारें देखी गईं। प्रशासन के पर्याप्त खाद उपलब्धता के दावों को जमीनी हकीकत से दूर बताया। उनका कहना था कि यूरिया के बाद अब डीएपी खाद की किल्लत खेती के लिए शुभ संकेत नहीं है।

### कुत्ते का अवशेष खाते वीडियो वायरल का मामला

## नागरिक अस्पताल के गार्ड पर गिरी लापरवाही बरतने पर गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले के नागरिक अस्पताल में एक कुत्ते का कोई अवशेष खाते हुए वीडियो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य अधिकारियों ने मामले की जांच बैठा दी है, वहीं रात्रि ड्यूटी पर तैनात गार्ड पर कार्रवाई की गाज गिरी है। सुबह कुत्ते द्वारा मांस खाते हुए का वीडियो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मामले का पटाक्षेप करने के प्रयास में थे और देर सायं उन्होंने स्थिति स्पष्ट कर दी कि ये कोई मांस का टुकड़ा नहीं बल्कि किसी महिला का सैनेटरी पेड था। जच्चा-बच्चा वार्ड के गेट के पास हुई इस घटना के बाद अस्पताल प्रशासन ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की। वीडियो के अनुसार सोमवार सुबह कुत्ता बेंच के नीचे मांस जैसा टुकड़ा नोंचता दिखाई दिया। मौके पर मौजूद किसी ने रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। वीडियो प्रदेश मुख्यालय तक पहुंच गया। स्वास्थ्य विभाग में हलचल मच गई।

#### जांच के बाद कार्रवाई

सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत का कहना है कि वे खुद मौके पर पहुंची और जानकारी ली है। पीएमओ को जांच के आदेश दिए गए हैं, जिन्होंने तुरंत कमेटी गठित कर जांच शुरू कर दी है। किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आती है तो संबंधित पर कार्रवाई होगी।

**जांच में निकला सेनेटरी पेडः** उधर, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने देर सायं मामले में पूरी स्थिति स्पष्ट कर दी। सिविल सर्जन ने पीएमओ को जांच के निर्देश दिए जाने के बाद स्वास्थ्य अधिकारियों ने फुटेज खंगाले तो मामला कुछ और ही निकला। वीडियो फुटेज खंगालने पर पता चला कि सुबह साढ़े 5 बजे के आसपास आवारा कुत्ते को वार्ड में घुसते हुए व निकलते हुए देखा गया। वह कुत्ता खून में सना सैनेटरी पेड बाहर निकल आया और उसे चबाने लगा। उसी समय एक व्यक्ति ने कुत्ते की वीडियो बनाकर वायरल करवा दी। फिर भी स्वास्थ्य विभाग ने लापरवाही बरतने पर रात्रि ड्यूटी पर तैनात गार्ड कार्रवाई की है।

## मनफूल नगर से संदिग्ध परिस्थितियों में व्यापारी लापता !

■ करोड़ों की देनदारी की चर्चा

**हिसार।** शहर की पुरानी सब्जी मंडी के पास स्थित एक मनफूल नगर से एक व्यापारी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का समाचार है। पुलिस को सूचना दे दी गई है वहीं चर्चा है कि व्यापारी पर करोड़ों रुपयों की देनदारी थी। व्यापारी के गायब होने की सूचना मिलते ही मनफूल नगर स्थित उनकी किरयाणा की दुकान व गोदाम पर काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। इस दौरान वहां मौजूद कई लोगों ने व्यापारी से उन्हें रुपये लेने की बात कही।

वहां मौजूद लोगों ने बताया कि दुकानदार पिछले लगभग 40 वर्षों से किरयाणा की दुकान करता है। कुछ लोगों का कहना है कि इसके अलावा उसने एक नामी कंपनी की एंजेसी भी ली हुई थी। इस कारोबार के अलावा व्यापारी ने लॉटरी भी चलाई हुई थी। वह लोगों से एक हजार, दो हजार, तीन हजार, पांच हजार व 10 हजार की लॉटरी भरवाता था। कई लोगों की उस पर विश्वास के चलते लॉटरी चल रही है।

#### पुलिस मामले की जांच में जुटी

बताया जाता है कि अब कई लॉटरियों की देनदारी थी। जैसे ही व्यापारी के गायब होने और उसके घर, दुकान व गोदाम पर ताले लगे होने की सूचना लगी तो व्यापारी से रुपये लेने वाले लोग एकत्रित होने शुरू हो गए। व्यापारी भूना के एक गांव का रहने वाला है। कुछ लोगों का कहना है कि लोगों का उस पर विश्वास बना हुआ था। अब जैसे ही व्यापारी के गायब होने की सूचना मिली तो लोग उसके गोदाम और दुकान पर एकत्रित होने शुरू हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

## 9.320 किलो चूरापोस्त सहित दो तस्कर काबू

**हिसार।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की हिसार यूनिट ने हिसार बस स्टेंड के पास कार्रवाई करते हुए 9 किलो 320 ग्राम चूरापोस्त बरामद करके दो नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। दोनों नशा तस्कर पंजाब के हैं। ब्यूरो अधिकारियों के अनुसार नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए सिटी थाना क्षेत्र मे गश्त के दौरान उप निरीक्षक राजपाल सिंह के नेतृत्व वाली टीम को बस स्टेंड पर दो संदिग्ध व्यक्तियों के बारे मे गुप्त सूचना मिली। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दो संदिग्धों को काबू किया, जिनसे 9 किलो 320 ग्राम चूरापोस्त बरामद हुई।

## सेक्टर 33 में खाली पड़े प्लाटों की सफाई के बारे में सौंपा ज्ञापन

■ एचएसवीपी के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित

**हिसार।** सेक्टर 33 के निवासियों की लंबित समस्याओं के समाधान के लिए रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी ने प्रधान धर्मवीर पानू की अध्यक्षता में एचएसवीपी के अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की। इस बैठक में कार्यकारिणी ने अपनी प्रमुख मांगों को दृढ़ता से प्रस्तुत किया और समाधान के लिए अधिकारियों से ठोस आश्वासन प्राप्त किए। प्रधान धर्मवीर पन्नू ने बताया कि सेक्टर 33 में सफाई कर्मचारियों न होने के कारण सड़कों की सफाई नहीं हो रही। खाली पड़े प्लाटों में जंगली कीकर घास फूस आदि खड़े हैं। 45 मीटर रोड पर स्ट्रीट लाइट काम अधूरा पड़ा है जिसका टेंडर हुए वर्ष बीत गया है।



**हिसार।** संपदा अधिकारी को ज्ञापन देते रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी के प्रधान धर्मवीर पानू व अन्य।

#### अधिकारी ने मांगों का उचित समाधान का आश्वासन दिया

पार्क डेवलप नहीं हुए हैं बरसात के कारण सड़कों पर गड्ढे हो गए हैं। ट्री गार्ड अभी तक नहीं लगाए गए हैं जिसका टेंडर हुए 6 महीने हो चुके हैं। प्रधान धर्मवीर पानू ने बताया कि एचएसवीपी की संपदा .अधिकारी ने उक्त मांगों का उचित समाधान का आश्वासन दिया है। बैठक में पार्षद प्रतिनिधि टीनू जैन, महासचिव बलविंदर सिंह, सतबीर मेहरा, एसडीओ राम प्रसाद, पवन शर्मा, अनूप बूरा, अनुपम जावा, धर्म सिंह खटकड़, राजेंद्र सहगल, सनी नागपाल, दिनेश मेहता सहित सेक्टर के अनेक निवासी उपस्थित रहे।

## मां संतोषी आश्रम में गणेश पूजन-शोभा यात्रा के साथ रजत जयंती का आगाज

### शोभा यात्रा में उमड़े सैकड़ों श्रद्धालु, विभिन्न बाजारों से निकली शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में दस दिवसीय रजत जयंती समारोह प्रातः श्री गणेश पूजन, पंचांग पूजन व शोभा यात्रा के साथ विधि विधान से शुरू हुआ। मां भगवती की असीम अनुकंपा एवं अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता जी की प्रेरणा से हरिद्वार व काशी से पधारे वैदिक विद्वानों ने श्री गणेश पूजा व पंचांग पूजन करके जनकल्याण की कामना की। मॉडल टाउन के सनातन धर्म मंदिर से भव्य शोभा यात्रा शुरू हुई। महिला श्रद्धालुओं ने लाल परिधान धारण करके शोभा यात्रा में हिस्सा लिया। पुरुष श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के लाल ध्वज हाथ में थामकर और मां भवानी की जय व मां दुर्गा की जय का उदघोष करते हुए पूरा वातावरण गुंजायमान कर दिया। महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता जी के मार्गदर्शन में शोभा यात्रा विभिन्न बाजारों से होते हुए मॉडल टाउन स्थित मां संतोषी आश्रम पहुंची। संयोजक राजमल काजल ने बताया कि हिसार के मॉडल टाउन में स्थित मां संतोषी आश्रम का रजत जयंती समारोह धूमधाम से शुरू हो गया है।



**हिसार।** मां संतोषी आश्रम के रजत जयंती समारोह के शुभारंभ के लिए निकाली गई शोभा यात्रा में महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता जी।

#### यह रहे मौजूद

मां संतोषी आश्रम की शोभा यात्रा में संरक्षक सतीश कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष सीए गौतम अग्रवाल, दिनेश रावलवासिया, कमल गोयल, भारत भूषण जैन, राजमल काजल, मदनलाल गोयल, लोकनाथ सिंगल, सुशील बुड़ाकिया, अनिल महता, कुलदीप भार्गव, मोहित बंसल, मेजर कौशिक, मुकेश गर्ग, दिनेश गर्ग, अशोक बंसल, दीक्षा काजल, प्रोमिला शर्मा, बिन्नु सेठी, शीला शर्मा, सुषमा गेरा व सीमा सरदाना सहित समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**खेलकूद** सिरसा में आयोजित 58वें हरियाणा राज्य स्कूल खेल नेटबॉल प्रतियोगिता

## होली चाइल्ड स्कूल की छात्राओं ने नेटबॉल में लहराया परचम, राज्य स्तर पर जीता कांस्य

छात्राओं की इस सफलता से स्कूल में जश्न का माहौल भव्य स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

खेल के क्षेत्र में एक बार फिर होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल का नाम रोशन हुआ है। सिरसा में आयोजित 58वें हरियाणा राज्य स्कूल खेल नेटबॉल प्रतियोगिता में स्कूल की अंडर-17 और अंडर-19 दोनों ही लड़कियों की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। छात्राओं की इस सफलता से स्कूल में जश्न का माहौल है। स्कूल के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु और प्रिंसिपल अनीता पन्नू दलाल ने सभी विजयी खिलाड़ियों को उनकी मेहनत और खेल भावना के लिए बधाई दी।

अंडर-19 नेटबॉल प्रतियोगिता में होली चाइल्ड स्कूल की टीम ने अपने पहले मुकाबले में सोनीपत की टीम का सामना किया। इस रोमांचक मुकाबले में खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल और रणनीति का प्रदर्शन करते हुए 15-7 के स्कोर से जीत हासिल की। लेकिन खिलाड़ियों के प्रभावशाली प्रदर्शन की बदौलत टीम ने प्रतियोगिता में कांस्य पदक अपने नाम किया। टीम में हिमांशी, कुंजल, कविता और नैंसी जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल थीं।



**हिसार।** स्कूल प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु के साथ शानदार प्रदर्शन करने वाली छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

#### लड़कियों ने काबिलियत का लोहा मनवाया

अंडर-17 वर्ग में भी स्कूल की लड़कियों ने अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया। टीम ने झज्जर की टीम को 12-5 के अंकों से हराकर सेमी फाइनल में अपनी जगह बनाई। लेकिन पूरे प्रतियोगिता में उनके दमदार खेल ने यह सुनिश्चित किया कि टीम तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-17 टीम में रिया, तमाना, उषा और सिमरन जैसी जुझारू खिलाड़ी शामिल थीं।



# रिश्ते में पहचानें यलो फ्लैग्स बॉन्डिंग बनाएं बेहतर

आजकल रिश्तों को लंबे समय तक बनाए रखना आसान नहीं है। यह बात मैरीड लाइफ में और ज्यादा मायने रखती है। रिश्ते बेहतर रहें, इसके लिए दोनों तरफ से एफर्ट करना जरूरी है। दोनों में कोई एक भी रिश्ते को लेकर लापरवाह है, तो समस्याएं जन्म लेंगी, मतभेद होंगे, हम तनाव से घिरेंगे। इस तरह की बातें या प्रॉब्लम्स 'यलो फ्लैग्स' कहलाती हैं। इस तरह की सिचुएशन न आए, रिश्ते खुशगवार रहें, एक्सपर्ट की जरूरी सलाह।

कवर स्टोरी
गीता सिंह

इस नए दौर में रिश्ते तो बहुत आसानी से कायम हो जाते हैं, लेकिन उनको लंबे समय तक प्रेमपूर्वक बनाए रखना बहुत मुश्किल हो जाता है। रिश्ते में दो लोगों का आपस में बंधे रहना ही काफी नहीं होता है, दोनों किस तरह से अपने रिश्ते में बने हुए हैं, यह बात भी बहुत मायने रखती है। यदि हम किसी के साथ दोस्ती या प्रेम के रिश्ते में हैं, विशेष रूप से पति-पत्नी हैं तो हमें समय-समय पर रिश्ते में दिखने वाले 'यलो फ्लैग्स' यानी बनती दूरियां, मतभेद और खत्म होती बॉन्डिंग को समझना चाहिए, समझना ही नहीं चाहिए, समय रहते इसे संभालना भी चाहिए, संबंधों में आए मनमुटाव को खत्म करना चाहिए। रिश्ते में हम अकसर रेड फ्लैग्स की बात करते हैं, लेकिन यलो फ्लैग्स भी इंपॉर्टेंट हैं, ये सावधान करते हैं, उन समस्याओं या चिंताओं की ओर इशारा करते हैं, जिस पर ध्यान देने की जरूरत होती है, ताकि रिश्ते को सही दिशा में ले जाया जा सके। यहां कुछ 'यलो फ्लैग्स' दिए जा रहे हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। आइए जानते हैं, ऐसे ही कुछ यलो फ्लैग्स और इन्हें दूर करने के उपायों के बारे में ।

### रिश्ते में बैलेंस न होना

किसी भी रिश्ते में दोनों पक्षों का योगदान समान होना चाहिए। यदि आप महसूस करती हैं कि आपके रिश्ते में एक पक्ष अधिक प्रयास कर रहा, दूसरा पक्ष कम, तो यह रिश्ते में बैलेंस न होने के संकेत हैं। यह एक यलो फ्लैग है, जो दिखाता है कि केवल एक ही पक्ष रिश्ते को लेकर गंभीर है, दूसरा पक्ष रिश्ते को गंभीरता से नहीं ले रहा है।

### अपमानजनक व्यवहार

एक प्रेम भरे सफल रिश्ते के लिए जरूरी है, दोनों साथी एक-दूसरे का सम्मान करें। यदि आप एक ऐसे रिश्ते में हैं, जहां आपका साथी लगातार आपसे अपमानजनक व्यवहार करता है, जैसे कि वह आपको नीचा दिखाता है या आपकी भावनाओं की अनदेखी करता है, तो निश्चित ही ये आपके रिश्ते में एक यलो फ्लैग है।

### संवाद में कमी व समय न देना

संवाद किसी भी स्वस्थ रिश्ते की नींव होता है। यदि आपका साथी, आपके साथ खुलकर बात नहीं करता या आपकी बातें अनसुनी कर देता है। साथ ही आपका साथी लगातार व्यस्त रहता है, आपको समय नहीं दे पाता, यह इस बात का संकेत है कि आप उसकी प्राथमिकता सूची में नीचे हैं। इस तरह की बातें आपके रिश्ते के लिए यलो फ्लैग्स हैं। भविष्य में बड़ी समस्याओं का संकेत हैं।



### अकेले योजनाएं बनाना और निर्णय लेना

रिश्ता एक साझा जिम्मेदारी है, जिसका ध्यान दोनों साथियों को रखना होता है। किसी भी साथी को अकेले प्लानिंग या फैसले नहीं लेने चाहिए, खासकर अगर इसमें आप दोनों की भलाई और जिंदगी शामिल हो। ऐसे मसलों पर आपके साथी को आपसे सलाह-मशविरा करना चाहिए। यदि वह ऐसा नहीं करता है तो निश्चित ही आपके रिश्ते के लिए एक बड़ा वाला यलो फ्लैग है।



**विश्वास की कमी**

रिश्ते में विश्वास एक महत्वपूर्ण तत्व है। अगर आपका साथी छोटी-छोटी बातों पर भी आप पर शक करता है या आप उस पर पूरी तरह से भरोसा नहीं कर पाती हैं या फिर आपकी गतिविधियों पर जरूरत से ज्यादा नजर रखता है, आपकी पसंद पर हुक्म चलाता है। आपको दोस्तों और परिवार से अलग-थलग करने का प्रयास करता है, तो यह एक यलो फ्लैग है। इसके चलते रिश्ते में स्ट्रेस और अन्य समस्याएं बढ़ सकती हैं। अपनी स्वतंत्रता बनाए रखना और नियंत्रण संबंधी समस्याओं का समाधान करना एक स्वस्थ रिश्ते के लिए बेहद जरूरी होता है।

### भावनात्मक अनुपलब्धता

रिश्तों में भावनात्मक जुड़ाव और सहयोग बेहद जरूरी है। अगर आपका साथी लगातार भावनात्मक अंतरंगता से बचता है, अलग-थलग सा लगता है, या भावनात्मक सहयोग देने में नाकाम रहता है, तो आपके रिश्ते में यह एक यलो फ्लैग यानी खतरे की घंटी है।

**छोटी-छोटी बातों पर बहस करना:** यदि आप और आपका साथी अकसर छोटी-छोटी बातों पर बहस करते हैं, अपनी ही बातों को सही ठहराने के लिए गुस्सा करते हैं या बात करना बंद कर देते हैं। यह एक यलो फ्लैग है, जो बताता है कि भविष्य में बड़े मुद्दों पर भी बहस हो सकती है।

### रिश्ते में यलो फ्लैग्स से कैसे डील करें

जब आप रिश्तों के बीच यलो फ्लैग्स के संकेतों को पहचान जाएं तो इन यलो फ्लैग्स पर ध्यान देकर और उन पर खुलकर बातचीत करके, अपने रिश्ते को मजबूत और स्वस्थ बनाएं। रिश्ते को पहले से कहीं अधिक बेहतर बनाएं और भविष्य में आने वाली समस्याओं से बचें। इसके साथ ही कुछ और बातों को अमल में लाकर आप रिश्ते के इन यलो फ्लैग्स को ग्रीन फ्लैग में बदल सकते हैं।

- सबसे पहले अपने साथी के साथ उन मुद्दों पर खुलकर बात करें, जो समस्या का कारण हैं। साथ ही ध्यान दें कि क्या आप दोनों मिलकर अपनी समस्याओं को हल करने में कामयाब हैं।
- यदि आप खुद से इन मुद्दों को हल नहीं कर पा रहे हैं, तो किसी रिलेशनशिप काउंसलर या थेरेपिस्ट से मदद लेने पर विचार करें।
- यदि फिर भी यलो फ्लैग बने रहते हैं और आपको लगता है कि वे रिश्ते को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहे हैं, तो आपको यह निर्णय लेना होगा कि क्या आप इस रिश्ते को जारी रखना चाहते हैं या नहीं।


याद रखें, हर रिश्ता खास होता है। सभी का किसी भी परेशानी से निपटने का तरीका भी अलग-अलग होता है। अपने विवेक पर भरोसा रखें, अपने अंतर्मन की सुनें, अपने को प्राथमिकता दें, और जरूरत पड़ने पर कड़ा फैसले लेने को भी तैयार रहें।

**(रिलेशनशिप काउंसलर सलोनी चौधरी से बातचीत पर आधारित)**

# त्योहारों के बाद उदासी क्यों इससे कैसे उबरें

त्योहारों के हर्षोल्लास और व्यस्तता के बाद जब सब कुछ संपन्न हो जाता है, तो कुछ महिलाओं के मन में उदासी और सुस्ती का भाव देखा जाता है। इसे पोस्ट फेस्टिवल ब्लूज कहते हैं। आखिर ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे उबरें, जानें।

सलाह
शिखर चंद जैन



जब त्योहार आते हैं, हम उत्साह-उमंग से भर उठते हैं। त्योहार के आगमन से काफी समय पहले से ही हमारा सारा ध्यान उसकी तैयारी में लग जाता है। हम बहुत खुशी के साथ शॉपिंग करते हैं, अपने लिए नई ड्रेसेस लाते या बनवाते हैं। घर की साफ-सफाई, साज-सज्जा करते हैं। मिठाइयां-पकवान बनाते हैं। रिश्तेदारों और दोस्तों से मिलते-जुलते हैं। लेकिन त्योहार के बाद हमारी दिनचर्या में एक रिक्तता आ जाती है। मन उदासी से घिर उठता है। यह एक प्रकार का इमोशनल बर्नआउट है।

### उदासी के कारण

कुछ महिलाएं त्योहारों के अवसर पर बंदनवार, आसन, रेडीमेड रंगोली, कंदील, सजावटी दीये, गिफ्ट रैपिंग, गिफ्ट हैंपर बनाने, पूजन सामग्री बेचने, ड्रेस डिजाइनिंग, ब्यूटी पार्लर के कामों से पैसे अर्न करती हैं। त्योहार बाद उनके मन में एक डर आता है कि अब कमाई का जरिया कमजोर पड़ जाएगा। जो पुरुष कारोबारी हैं, त्योहारों से संबंधित सामान बेचते हैं, उन्हें भी चिंता सताती है कि अब कारोबार मंदा हो जाएगा। इस चिंता का असर घर की महिलाओं पर भी पड़ता है।

### हैप्पी-हार्मोन का स्तर घटना

त्योहार के बाद मन में उदासी का बड़ा कारण यह भी होता है कि लोगों को लगता है कि अब उमंग-उत्साह का माहौल समाप्त हो गयौ। इस तरह त्योहारों के दौरान महसूस होने वाला हर्षोल्लास और 'हैप्पी-हार्मोन' जैसे डोपामाइन और सेरोटोनिन का स्तर अचानक कम हो जाता है, इस कारण निराशा महसूस होती है।



### उदासी के लक्षण

किसी त्योहार के बाद उदासी के लक्षण हमें इस रूप में दिखाई देते हैं, जैसे भावनात्मक और शारीरिक थकान, उत्साह के लुप्त हो जाने पर खालीपन की भावना और उदासी। दिनचर्या में वापस लौटने की चिंता, भीतर की एनर्जी में गिरावट के कारण निराशा या बेचैनी, नींद न आना या अधिक नींद आना।

### उदासी दूर करने के लिए क्या करें

उदासी दूर करने के लिए यहां बताए जा रहे कुछ साधारण लेकिन प्रभावी उपाय अपनाएं।

**ध्यान और जागरुकता:** माइंडफुलनेस मेडिटेशन करें। ऐसे अभ्यास आपको वर्तमान में बने रहने और अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने में सहायक रहेंगे। अपने मन को शांत रखने से मानसिक स्वास्थ्य में सुधार आएगा।

**जीवनशैली में परिवर्तन:** त्योहारों के बाद अपनी जीवनशैली को स्पीड मोड से बदल कर स्लो मोड में लाएं। पुरानी दिनचर्या, नियमित शारीरिक गतिविधि, संतुलित आहार और उचित नींद आपके मूड और आंतरिक ऊर्जा के स्तर को दुरुस्त करेंगे।

**सामाजिक समर्थन:** त्योहार बाद मित्रों और परिवार के साथ समय बिताएं। अपने पसंदीदा रिश्तेदारों, परिवार के सदस्यों या दोस्तों के साथ गपशप करें। इन सब बातों से आपकी आंतरिक ऊर्जा रिचार्ज होगी।

**भावनाओं को लिखें, रुके कामों पर ध्यान दें:** अपने विचारों और भावनाओं को लिखें। इससे दबी हुई भावनाओं को बाहर निकालने और तनाव को कम करने में मदद मिल सकती है। त्योहारों के दौरान जो काम बाकी रह गए थे, उन्हें पूरा करने में अपना ध्यान लगाएं।

स्किन केयर
नीलोफर

अगर आप पार्टी से घर लौटकर प्रॉपर स्किन केयर नहीं करती हैं, तो आपकी स्किन डैमेज हो सकती है। इसलिए मेकअप रिमूवल जरूरी है। हम आपको यहां कुछ ईजी टिप्स बता रहे हैं, जिसे अपनाकर आप स्किन को डैमेज होने से बचा सकती हैं।

# पार्टी से लौटने के बाद फॉलो करें प्रॉपर स्किन केयर रुटीन



चाहे दोस्तों के साथ पार्टी करनी है, किसी फ्रेंड की बर्थ-डे पार्टी में जाना है, किसी की रिसेप्शन पार्टी अटेंड करनी है या शादी में जाना है, हम दूसरों से अलग दिखना चाहते हैं। इसके लिए हम कई दिन पहले से प्लानिंग शुरू कर देते हैं। हमें क्या पहनना है, आउटफिट के साथ मैच करती ज्वेलरी, फुटवियर और कैरी किए जाने वाला पर्स सब पहले से सेट कर लेते हैं। मेकअप कैसा हो हैवी या लाइट, यह भी हम पहले ही सोच लेते हैं। लेकिन पार्टी अटेंड करने के बाद इन मेकअप प्रोडक्ट्स का हमारी त्वचा पर क्या असर होता है और घर आने के बाद हमें अपने स्किन की सही देखभाल के लिए कौन से जरूरी स्टेप फॉलो करने चाहिए, यह जानना भी बहुत ज्यादा जरूरी है।

### मेकअप रिमूवल है जरूरी

पार्टी से लौटकर आने के बाद आप भले ही कितनी थक जाएं, लेकिन अपने मेकअप को रिमूव करना न भूलें। कई बार पार्टी में डांस के बाद पैर थक जाते हैं और आप सोचती हैं कि मेकअप सुबह रिमूव कर लेंगी तो इससे आपके स्किन के पोर्स में गंदगी फंसी रह जाती है। इसलिए मेकअप रिमूवल सोने से पहले जरूरी है।



### चेहरे को करें क्लीन

सबसे पहले मेकअप को चेहरे से हटाएं और चेहरे को क्लीन करें ताकि बची हुई गंदगी और मेकअप हट जाए। इसके लिए फेसवॉश का इस्तेमाल करें, फेसवॉश ऐसा हो, जो त्वचा की नमी को बरकरार रखे।

### स्किन रहेगी हाईड्रेट

मेकअप को रिमूव करने के बाद और चेहरे की क्लीजिंग के पहले स्किन को हाईड्रेट करना जरूरी है, इसके लिए नाइट क्रीम का इस्तेमाल करें। नाइट क्रीम ऐसी होनी चाहिए, जिसमें नेचुरल स्किन कंडीशिनिंग एजेंट्स, नेचुरल ऑयल और विटामिन हो जो स्किन की रात भर नमी दे।

### आंखों की न करें अनदेखी

लेट नाइट पार्टीज में आंखों के नीचे की स्किन को अधिक देखभाल की जरूरत होती है, क्योंकि देर रात तक जगने के कारण डार्क सर्कल्स और पफी आइज होना कॉमन है। इसके लिए अंडर आई स्किन को नरिश करने के लिए अपने साथ हमेशा आईक्रीम रखें, जिससे आंखों के नीचे के काले घेरों से बचाव हो सके। आंखों और होंठों के मेकअप को रिमूव करने के लिए एक नर्म मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल करें, क्योंकि आंखों और होंठों की त्वचा बेहद नर्म होती है। इन्हें साफ करने के बाद कॉटन पैड पर क्लीनिंग ऑयल लेकर पूरे चेहरे पर धीरे-धीरे रगड़ें।

### टोनर का करें यूज

जिस दौरान चेहरे से मेकअप को रिमूव किया जाता है, उस समय चेहरे की त्वचा के पोषक तत्व कम हो जाते हैं। चेहरे की त्वचा के पीएच स्तर को संतुलित करने और त्वचा के रोमछिद्रों को साफ करने के लिए टोनर का जरूर इस्तेमाल करें।

### मॉयश्चराइजर लगाएं

पूरे चेहरे का मेकअप हटाने और चेहरे की पूरी सफाई करने के बाद अपनी त्वचा को हाइड्रेट करने के लिए एक अच्छा मॉयश्चराइजर लगाएं ताकि यह आपकी त्वचा को ड्राय न होने दे, उसकी नमी को हमेशा बरकरार रखे।

मेडिकल सजेशन
डॉ. रवींद्र गुप्ता
सीनियर फिजिशियन
सी.के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम

बदलते मौसम में जरा सी लापरवाही आपको बीमार कर सकती है। इससे बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। कुछ ऐसे ही यूजफुल सजेशंस।

# बदलते मौसम में ऐसे करें हेल्थ केयर

बदलते मौसम में स्वस्थ रहने के लिए सबसे पहले यह जानना जरूरी है कि इस मौसम में आपको कौन-सी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं और उनसे कैसे बचाव कर सकते हैं?

**श्वसन तंत्र संबंधी समस्याएं:** बदलते मौसम में ठंडी हवाओं के कारण सर्दी, खांसी, फ्लू और इंफ्लूएंजा का रिस्क बढ़ जाता है। धूल कणों और प्रदूषण की वजह से एलर्जी और अस्थमा के भी लक्षण नजर आने लगते हैं। इसके साथ ही आंखों और नाक से पानी गिरना, गले में खराश और सांस लेने में तकलीफ जैसी दिक्कतें भी हो सकती हैं।

**मच्छरों से होने वाली बीमारियां:** बरसात के बाद जमा होने वाले पानी में मच्छर पनपने लगते हैं, जिससे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियां फैलने लगती हैं। जिनमें तेज बुखार, जोड़ों में दर्द जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं।



**दूषित जल से होने वाली समस्याएं:** बरसात खत्म होने के बाद पेयजल के प्रदूषित होने की आशंका बढ़ जाती है। अगर पीने का पानी स्वच्छ न हो तो इससे गैस्ट्रोएंटेराइटिस जैसी समस्या हो सकती है। इससे पेटदर्द, उल्टी और दस्त आदि समस्याएं हो सकती हैं।

**जोड़ों में दर्द:** ठंड की वजह से कुछ महिलाओं को जोड़ों में दर्द होने लगता है। खासतौर पर 50 साल से अधिक उम्र वाली महिलाओं को हार्मोन संबंधी असंतुलन के कारण यह समस्या ज्यादा परेशान करने लगती है।

**फंगल इंफेक्शन-स्किन ड्रायनेस:** महिलाओं को फंगल इंफेक्शन और स्किन में ड्रायनेस जैसी समस्याएं भी इस मौसम में परेशान करती हैं।

**मेंटल प्रॉब्लम्स:** कुछ महिलओं को इस बदलते हुए मौसम में मूड स्विंग, सुस्ती और उदासी जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याएं भी परेशान करती हैं, जिन्हें सीजनल इफेक्टिव डिसऑर्डर कहा जाता है।

**कैसे करें बचाव:** इन समस्याओं से ऐसे बचें।

- हमेशा उबला हुआ स्वच्छ पानी पिएं।
- उपयोग से पहले फलों और सब्जियों को अच्छी तरह से धो लें।
- अपने घर के आस-पास पानी जमा न होने दें, इससे मच्छरों के पनपने की आशंका बढ़ जाती है। बेहतर यही होगा कि सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें।
- रूखेपन की समस्या के लिए नियमित रूप से मॉयश्चराइजर और कोल्ड क्रीम का इस्तेमाल करें।
- शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए रोजाना सात-आठ गिलास पानी पिएं, जूस और सूप भी पिएं।



**प्रस्तुति: विनीता**

एटिकेट
मेघा राठी

कुछ लोग अकसर किसी का परिचय एक कटाक्ष के अंदाज में देते हैं। इससे जिसका परिचय दिया जा रहा है, वह तो एंब्रेस फील करता ही है, वहां मौजूद लोगों को भी अटपटा लगता है। इसलिए जब भी किसी का परिचय दें, सम्मानजनक ढंग से दें।

# परिचय देने का अंदाज हो सम्मानजनक

आकृति ने एक पार्टी में अपने पति से अपनी सहेली शोभा का परिचय कुछ इस अंदाज से कराया, 'इनसे मिलिए, यह हैं शोभा, सोशल मीडिया की क्वीन हैं, छाई रहती हैं पोस्ट और फोटो से।'

शोभा को यह तरह परिचय देना बड़ा अजीब-सा लगा। उसने टोका, 'आकृति, तुम मेरा परिचय मेरे प्रोफेशन या मेरी फैमिली से जोड़कर दो। यह किस ढंग से मेरा परिचय दे रही हो?'

'अरे चिल्ड यार, मजाक कर रही हूं।' आकृति समझ गई थी, उससे अंजाने में गलती हो गई है।

**फर्स्ट इंप्रेशन है किसी का परिचय:** अकसर लोग किसी का परिचय सही ढंग से कराने में चूकते हैं। जबकि किसी व्यक्ति के सामने किसी का परिचय देना, उसके 'फर्स्ट इंप्रेशन' की तरह होता है। पहले परिचय का प्रभाव लंबे समय तक रहता है। जब हम किसी का परिचय करवाते हैं, यह सुनिश्चित करना जरूरी है, वहां मौजूद लोगों के सामने उस व्यक्ति की सकारात्मक छवि पेश हो। अकसर सामाजिक या पेशेवर माहौल में हम दूसरों का परिचय कराते समय मजाक कर जाते हैं, जो सामने वाले को असहज कर सकता है, वह व्यक्ति न केवल अपमानित महसूस करता है, संबंधों में एक दूरी आती है। इसलिए यह जरूर जानें कि एक प्रभावशाली और सम्मानजनक परिचय देते समय किन बातों का ध्यान रखें-



**नकारात्मक शब्दों से बचें:** परिचय देते समय हमेशा सकारात्मक बातों से परिचय दें। ऐसे शब्दों से बचें, जो किसी भी प्रकार की आलोचना या नकारात्मकता को दर्शाते हों। कभी-कभी मजाक में भी नकारात्मक बातें बुरी लग जाती हैं, इसलिए हर शब्द का चुनाव सावधानी से करें। इस उदाहरण को देखें-

**गलत तरीका:** यह सुमन हैं। इनकी खासियत है कि ये सबकी टांग खींचने में माहिर हैं।

**सही तरीका:** यह सुमन हैं। इनकी हाजिरजवाबी और मजाकिया स्वभाव से हर माहौल खुशनुमा हो जाता है। नकारात्मक टिप्पणियां, चाहे मजाक में ही क्यों न हों, सामने वाले के आत्म-सम्मान को ठेस पहुंचा सकती हैं।

**अतिशयोक्ति से बचें:** कुछ लोगों की आदत होती है कि वे किसी व्यक्ति की तारीफ बढ़ा-चढ़ा कर करते हैं। यह सही नहीं है, क्योंकि इससे वह व्यक्ति जिसका परिचय दिया जा रहा है और वहां मौजूद अन्य लोग दोनों ही असहज हो सकते हैं। किसी की प्रशंसा करना अच्छी बात है, लेकिन अतिशयोक्ति के बिना होनी चाहिए। जैसे-

**गलत तरीका:** यह दीपा हैं। कंपनी की सबसे मेहनती और सबसे सफल वर्कर हैं।

**सही तरीका:** यह दीपा हैं। यह हमारी टीम में विश्लेषण का काम करती हैं, अपने डेडिकेशन के लिए जानी जाती हैं।

इस तरह का सटीक और सम्मानजनक परिचय न केवल वहां उपस्थित लोगों को विश्वास दिलाता है, बल्कि परिचित होने वाले व्यक्ति को भी कुछ और बड़ा करने के लिए प्रेरित करता है।

**उपलब्धियों और गुणों से कराएं परिचय:** व्यक्ति की उपलब्धियों, गुणों और कौशल का सम्मानपूर्वक उल्लेख करें, बिना किसी प्रकार की तुलना या टीका-टिप्पणी किए बताएं- इन्होंने अपने क्षेत्र में अपनी मेहनत से पहचान बनाई है। इस प्रकार का परिचय न केवल व्यक्ति को गर्वित करता है, बल्कि उनकी छवि को भी उभारता है।किसी का परिचय करवाना एक महत्वपूर्ण क्षण होता है। यह परिचय करवाने वाले व्यक्ति के व्यक्तित्व को भी दर्शाता है, उसकी छवि निर्धारित करता है, साथ ही भविष्य में संबंधों की मजबूती को भी प्रभावित करता है।

## खबर संक्षेप

### पराली जलाने पर करेंगे कड़ी कार्रवाई : डीसी

**फतेहाबाद।** जिलाधीश डॉ. विवेक भारती ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए तुरंत प्रभाव से समस्त फतेहाबाद जिले में धान की फसल की कटाई के बाद बचे उसके अवशेषों को जलाने पर तुरंत प्रभाव से प्रतिबंध लगाया है। ये आदेश आगामी 18 नवंबर तक प्रभावी रहेंगे। जारी आदेश में बताया गया है कि जिला में धान की कटाई का सीजन शुरू हो चुका है और किसान धान की कटाई के बाद अपने खेतों में धान की पराली को जला देते हैं।

### चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसंबर को

**फतेहाबाद।** जिला न्यायालय परिसर फतेहाबाद व उपमंडल न्यायालय परिसर रतिया और टोहाना में 13 दिसंबर को इस वर्ष की चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव गायत्री ने बताया लोक अदालत में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से केसों के निपटारे के लिए आवेदन किया जा सकता है।

### मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी पूरी

**रतिया।** श्री रघुनाथ मंदिर एवं धर्मशाला अनाज मंडी रतिया द्वारा 29 अक्टूबर से 5 नवंबर तक आयोजित होने वाले मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं श्री राम कथा को लेकर आज मंदिर प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया तथा निर्णय लिया गया कि यह आयोजन क्षेत्र की सभी सामाजिक संस्थाओं और गणमान्य व्यक्तियों के सहयोग से भव्य स्तर पर मनाया जाएगा। मंदिर एवं धर्मशाला कमेटी के प्रवक्ता धर्मेंद्र गोस्वामी ने बताया कि कलश यात्रा 29 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे मंदिर प्रांगण से निकाली जाएगी।

### श्रीकृष्ण गोशाला में गोपाष्टमी 30 को

**रतिया।** श्रीकृष्ण गौशाला कमेटी द्वारा संत बाबा बाबूराम व संत बाबा कर्मचंद की कृपा से अनाज मंडी समीप स्थित श्रीकृष्ण गौशाला प्रांगण में 30 अक्टूबर दिन वीरवार को गोपाष्टमी महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रातः 9 बजे हवन, प्रातः 10 बजे गौपूजन, 11 बजे संकीर्तन एवं दोपहर 12 बजे भण्डारे के साथ गोपाष्टमी महोत्सव का समापन होगा। श्रीकृष्ण गौशाला कमेटी के प्रधान छिन्दरपाल दानेवालिया ने बताया कि 30 अक्टूबर दिन वीरवार को गौपाष्टमी महोत्सव बडी धूमधाम से मनाया जाएगा।

### जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेला आज

**सिरसा।** हरियाणा सरकार द्वारा युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से समय-समय पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता हैं। इसी कड़ी में जिला रोजगार कार्यालय, सिरसा में 28 अक्टूबर को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले का आयोजन एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक प्राइवेट लिमिटेड, तथा समाधान ग्रामीण वेलफेयर एंड सर्विसेज लिमिटेड के सहयोग से किया जा रहा है। इस अवसर पर कंपनियों द्वारा सहायक प्रबंधक, क्षेत्र अधिकारी, सहायक, क्षेत्र पर्यवेक्षक, महिला कार्यकर्ता जैसे पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों का मौके पर ही चयन किया जाएगा।

### 30 नवंबर के बीच जमा करवाएं जीवन प्रमाण पत्र

**सिरसा।** सिरसा के जिला खजाना कार्यालय व उप-खजाना कार्यालय डबवाली, ऐलनाबाद, कालांवाली व रानियां से पेंशन प्राप्त करने वाले सभी सेवानिवृत्त पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों को विभिन्न आयु वर्ग के अनुसार तीन से 30 नवंबर के बीच जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। इसके लिए पेंशनरों को अपना आधार कार्ड, मूल पीपीओ (पेंशन पेमेंट ऑर्डर) की कॉपी और मोबाइल फोन लेकर संबंधित खजाना कार्यालय या उप-खजाना कार्यालयों में जाना होगा। जिला खजाना अधिकारी नरेंद्र सिंह ढुल ने यह जानकारी दी।

## अधिकारियों से मिलीभगत कर क्लेम देने से बच रही कंपनियां

# बीमा कंपनियों पर मनमानी का आरोप, किसानों ने की नारेबाजी

अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले किसानों ने तहसील कार्यालय पर विरोध जताया





भट्टूकलां। किसानों के धरने को संबोधित करते किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा व अधिकारी को उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपते किसान। फोटो : हरिभूमि

प्रदर्शन के बाद नायब तहसीलदार को उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भट्टूकलां

ऑब्जेक्शन के नाम पर बीमा कम्पनियों द्वारा की जा रही मनमानी के विरोध में किसानों ने आज अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले भट्टूकलां में सडकों पर उतरकर रोष प्रदर्शन किया। किसानों ने तहसील कार्यालय के बाहर धरना देकर बीमा कम्पनी और उसके शह देने वाली प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता किसान नेता सुभाष चन्द्र भादू ने की तथा संचालन रोहताश डूडी ने किया। प्रदर्शन में विशेष रूप से किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा ने भाग लिया। प्रदर्शन के बाद नायब तहसीलदार को उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपकर बीमा कम्पनियों द्वारा क्लेम ना देने पर लगाए गए ऑब्जेक्शन को हटाने और तुरंत क्लेम जारी करवाने और सरकार द्वारा सेम व बरसात के जलभराव से प्रभावित किसानों को तुरंत आर्थिक सहायता देने की मांग की है। इस अवसर पर मा. हनुमान सिंह, कृष्ण चन्द्र, सोहन लाल, मनोहर लाल, मुनीष कुमार, रिछपाल सिंह, जगदीश चन्द्र, साधुराम, बजरंग मील, शिवकुमार ज्याणी, राजेन्द्र सिंह, वजीर सिंह, हरी सिंह सिद्धू, सुभाष चन्द्र, अजय सिंह माचरा सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### फसलें खराब होने से किसान बेहाल : शर्मा

धरने को संबोधित करते हुए किसान नेता विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि जिले में काफी संख्या में गांव सेम से प्रभावित है। इसके अलावा इस बार हुई भारी बरसात के पानी से पूरा इलाका जलमग्न हो गया और किसानों की फसलें खराब हो गई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के 15-20 गांवों में पिछले 5-6 सालों से फसलों के न होने से किसान भारी कर्ज के बोझ तले दबे हुए हैं। इस बार भी प्राकृतिक आपदा के कारण भूना व भट्टूकलां में फसलें तबाह हो गई है जबकि ढाणियों और घरों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। नुकसान की वजह से किसान और मजदूरों के सामने भूखे मरने की नौबत आ गई है। सरकार द्वारा किसानों को राहत देने की घोषणा भी टांय-टांय फिस्स लगती है। दूसरी ओर बीमा कम्पनियां नाजायज ऑब्जेक्शन लगाकर किसानों को क्लेम देने से पल्ला झाडने की कोशिशों में है और अधिकारी चुपचाप तमाशा देख रहे हैं। उन्होंने मांग की कि बीमा कम्पनियों की मनमानी पर रोक लगाई जाए और कम्पनी द्वारा लगाए गए ऑब्जेक्शन तुरंत हटाकर बीमा क्लेम दिया जाए। सरकार द्वारा किसानों की सहायता राशि 15 हजार रुपये दीपावली से पहले देने की घोषणा को तुरंत लागू करके ढाणियों व फसलों के मुआवजे की राशि जारी की जाए। सेम का स्थाई समाधान हो और सौर ऊर्जा से चलने वाले पम्पों को ठीक करके पानी की निकासी की जाए व पम्पों के निर्माण कार्यों में नकली मोटरों की जांच करवाई जाए। किसानों की खराब आर्थिक हालत को देखते हुए सरकार को सोसायटी के मार्फत असली बीज व खाद रियायती दर पर मुहैया करवाई जाए। किसानों और मजदूरों को कम से कम 2 लाख तक का कर्ज माफ किया जाए। बुढ़ापा पेंशन 10 हजार प्रति माह की जाए। पराली प्रबंधन के लिए 5 हजार रुपये प्रति एकड़ दिए जाए व नरमा-पास की खरीद सीसीआई तुरंत शुरू करे।

## 25 लोगों की आंखें जांचीं 12 का होगा ऑपरेशन



सिरसा। मरीज के नेत्रों की जांच करते हुए नेत्र रोग विशेषज्ञ।

- बाबा बिहारी नेत्रालय के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

बाबा बिहारी नेत्रालय के सहायेग से बृजमोहन सिंगला की धर्मपत्नी स्व. ललिता देवी सिंगला की याद में निःशुल्क नेत्र जांच व आप्रेशन शिविर का आयोजन बी ब्लॉक स्थित दुर्गा मंदिर में किया गया। बाबा बिहारी नेत्रालय के सचिव शेखर महिपाल ने बताया कि शिविर का शुभारंभ समाजसेवी सुरेश कालड़ा ने किया।

इस मौके पर प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञा डॉ. नीरू गिजवानी ने 125 लोगों की आंखों की जांच की और 12 मरीजों को आप्रेशन के लिए चयनित किया गया। जरूरतमंद मरीजों को ट्रस्ट की ओर से दवाइयां भी निःशुल्क वितरित की गई। इस मौके पर डॉ. नीरू गिजवानी ने कहा कि आंखों की समय-समय पर देखभाल जरूरी है। वर्तमान समय में धान की पराली जलाने व स्मॉग के कारण आंखों संबंधी कई समस्याएं सामने आ रही है। आंखों संबंधी किसी भी समस्या को नजर अंदाज न करें और तुरंत विशेषज्ञ चिकित्सक से संपर्क कर उपचार करवाएं, ताकि समय रहते समस्या को दूर किया जा सके। उन्होंने अभिभावकों का आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को मोबाइल से जितना हो सके दूर रखें, ताकि उनकी आंखों पर बुरा प्रभाव न पड़े। दुर्गा मंदिर की ओर से सचिव महेंद्र जिंदल ने भी शिविर को सफल बनाने में सहयोग किया। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रवीन बागला, जीएस मान, विक्रांत गुप्ता, राकेश कुमार, ममता, यशिका, अभया सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

### प्राचीन श्री श्याम मंदिर में कार्तिक मेला 30 को

**सिरसा।** प्राचीन श्री श्याम मंदिर के सह संरक्षक तेजपाल शर्मा ने बताया कि आगामी 30 अक्तूबर को सुबह 7 बजे गणेश पूजन से कार्तिक मेला महोत्सव का शुभारंभ होगा। इस अवसर पर भारत भूषण शर्मा परिवार मुख्य यजमान के रूप में मौजूद होंगे। इसके बाद 8 बजे महावीर प्रसाद गर्ग व सूरज प्रकाश डरोलिया परिवार की उपस्थिति में महामंदिर कक्ष किवाड़ अनावरण होगा।

## सर्व कर्मचारी संघ का जिला सम्मेलन 16 नवंबर को पटवार भवन में : प्रधान

- बैठक में कर्मचारियों के मुद्दों पर मंथन किया जाएगा



फतेहाबाद। बैठक में भाग लेते सर्व कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

**फतेहाबाद।** सर्व कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय बैठक पटवार भवन फतेहाबाद में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान भूप सिंह ने की व संचालन जिला सचिव सुरजीत दुसाद ने किया। बैठक में कर्मचारियों की मांगों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया कि 16 नवंबर रविवार को सर्व कर्मचारी संघ का जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियोंको लेकर योजना बनाई गई। बैठक में ब्लॉकों के सफल सम्मेलन के लिए रतिया, भट्टू, फतेहाबाद व टोहाना खंड की नव निर्वाचित कमेटी को बधाई दी। इसके साथ ही भूना ब्लॉक का सम्मेलन एक नवंबर को व जाखल ब्लॉक का चुनाव 3 नवंबर को करवाने की योजना बनाकर पर्यवेक्षकों की ड्यूटियां लगाई गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सर्व कर्मचारी संघ 8 नवंबर को हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के पानीपत व संगठनों के कार्यक्रमों में हिस्सा लेगा।

### धर्मशालाओं को आर्थिक सहयोग देने का किया स्वागत

**सिरसा।** हिसार में आयोजित संत शिरोमणि नामदेव महाराज जयंती समारोह में नगर पार्षद मुकेश रोहिल्ला बसों व गाडियों के काफिलों के साथ नामदेव समाज के लोगों के साथ पहुंचे। उन्होंने नामदेव महाराज की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश की सभी नामदेव धर्मशालाओं के लिए 31 लाख रुपए देने की घोषणा की और हिसार की विधायिका सावित्री जिंदल ने अपने निजी कोष से 2.50 लाख रुपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नामदेव महाराज किसी एक जाति विशेष के नहीं, पूरे समाज व राष्ट्र के थे। उन्होंने देश में फैली सामाजिक बुराइयों और कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया और सभी को आपस में मिलजुलकर प्रेम प्यार से रहने का संदेश दिया।

## फर्जी लॉटरी स्कीम के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

- आरोपी की पहचान अजरूद्दीन पुत्र अयूब निवासी खेड़ला, जिला नूंह के रूप में हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फर्जी लॉटरी स्कीम के जरिये ऑनलाइन हजारों की ठगी करने के मामले में थाना भट्टू कलां की साइबर हेल्प डेस्क पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अजरूद्दीन पुत्र अयूब निवासी खेड़ला, जिला नूंह के रूप में हुई है। साइबर हेल्प डेस्क भट्टूकलां प्रभारी उपनिरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि गांव भट्टूकलां निवासी सन्नी पुत्र जय नारायण ने शिकायत दी कि एक अज्ञात व्यक्ति ने खुद को श्री सांवरिया सेठ उपहार योजना, भीलवाड़ा, राजस्थान का प्रतिनिधि बताकर उसके साथ ऑनलाइन ठगी की। आरोपी ने पहले 199 रुपये का टोकन शुल्क लेकर शिकायतकर्ता को झांसे में लिया और बाद में लॉटरी पुरस्कार दिलाने के बहाने



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में ऑनलाइन ठगी का आरोपी।

विभिन्न खातों में कुल 27 हजार 567 रुपये ठग लिए। शिकायत पर थाना भट्टू कलां में 16 अगस्त को धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और बैंक विवरणों के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने वारदात की बात कबूली।



रतिया। नाले के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते एसडीएम।

### एसडीएम ने नाले के निर्माण सामग्री की जांच की

**रतिया।** उपमंडलाधीश सुरेन्द्र सिंह ने सोमवार को रतिया में सरदुलगढ़ रोड़ कैंची के पास नाले के निर्माण कार्य की सामग्री का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बरसाती पानी की निकासी के लिए नाले का निर्माण किया जा रहा है, इसके लिए लोंगो की शिकायत मिलने पर निर्माण सामग्री की जांच और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण किया है। इस दौरान एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने मौके पर ही नाले के निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्वक सामग्री का उपयोग करने व निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर ठेकेदार को नाले के निर्माण के लिए उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के सख्त निर्देश दिए।

## सतर्कता जागरूकता रैली को कुलपति ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- भ्रष्टाचार के खिलाफ जिले के लोगों को करेंगे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के चीफ विजिलेंस, एनसीसी तथा एनएसएस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को सतर्कता जागरूकता रैली का आयोजन हुआ, जिसे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह आगामी दो नवंबर तक मनाया जा रहा है, जिसकी थीम



सिरसा। सतर्कता जागरूकता रैली को रवाना करते कुलपति प्रो. विजय कुमार।

सतर्कता हमारी सांझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को किसी ऐसे व्यक्ति जिसे कुछ प्राधिकार का पद सौंपा गया है, द्वारा बेईमान या अनैतिक आचरण के रूप में या तो खुद को या किसी अन्य व्यक्ति को लाभ प्राप्त करने के लिए परिभाषित किया जा सकता है। भ्रष्टाचार राजनीतिक विकास, लोकतंत्र, आर्थिक विकास, पर्यावरणआदि को कमजोर करता है। इसलिए यह आवश्यक है कि विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार को खत्म करने के प्रयासों के प्रति जागरुक और प्रोत्साहित किया जाए। विद्यार्थियों द्वारा पूरे परिसर में रैली निकली गई।

## अपेक्स कॉन्वेंट की जान्या ने बाल भवन प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



अपेक्स कॉन्वेंट स्कूल की कक्षा 11वीं की प्रतिभाशाली छात्रा जान्या ने फतेहाबाद बाल भवन में आयोजित सोलो शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कड़े प्रतिस्पर्धात्मक माहौल के बीच जान्या के अनुशासित नृत्याभ्यास, दृढ़ ताल-लय और भावपूर्ण अभिव्यक्ति ने निर्णायकों को विशेष रूप से प्रभावित किया। मंच पर उनकी सौम्यता और प्रस्तुति की कलात्मक परिपक्वता दर्शकों के मन में देर तक प्रभाव छोड़ गई। विद्यालय के संचालक अमित मक्कड़ तथा प्राचार्य उमंग कक्कड़ ने जान्या की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई दी और उन्हें कला के क्षेत्र में निरंतर सृजनात्मक उत्कर्ष एवं समर्पण बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। जान्या की यह सफलता न केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम और अनुशासित साधना का प्रतिफल है।

## रेडियोलॉजिस्ट यशिका मेहता को लंदन में मिली फैलोशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सिरसा की बेटी रेडियोलॉजिस्ट यशिका मेहता ने लंदन से फैलोशिप ऑफ द रॉयल कॉलेज ऑफ रेडियोलॉजिस्ट्स (एफआरसीआर) की डिग्री प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। यह डिग्री रॉयल कॉलेज ऑफ रेडियोलॉजिस्ट्स (यूके) की ओर से दी गई है। अब वह लंदन में प्रैक्टिस कर सकती हैं लेकिन यशिका का कहना है कि वह अपने देश में रहकर यहां के लोगों की सेवा करना चाहती हैं। सिरसा निवासी हरीश मेहता की बेटी एमबीबीएस, एमडी यशिका मेहता ने सोमवार को बताया कि इस डिग्री



यशिका मेहता।

के लिए उन्होंने दो साल में तीन बार ऑनलाइन परीक्षा दी है जिसके बाद उन्हें यह सफलता मिली है। उन्होंने दावा किया है कि सिरसा में पहली बार किसी को एफआरसीआर की डिग्री मिली है जो उनके लिए सौभाग्य की बात है। यशिका मेहता वर्तमान में दिल्ली के मैक्स हॉस्पिटल में कार्यरत हैं। उन्होंने एमबीबीएस अंबाला के मुलाना कॉलेज से की और एमडी केरला से की है। यशिका के पिता हरीश मेहता प्रगतिशील किसान हैं।

### जिला बार एसो. के गोल्डन जुबली समारोह में पहुंचीं सांसद

# प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ठप: सैलजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर जश्न मना रही है जबकि प्रदेश में शासन नहीं कुशासन है, जहां पर कानून व्यवस्था खत्म हो चुकी है, सरकार की नाक के नीचे नशा बिक रहा है, अपराध बढ़ रहे है पर सरकार हांजी-हांजी कहने में लगी हुई है। साथ ही सैलजा ने दावा किया कि बिहार की जनता बदलाव चाहती है और इस बार महागठबंधन की सरकार बनेगी। सांसद कुमारी सैलजा सोमवार को सिरसा जिला बार एसोसिएशन की ओर से





सिरसा। बार में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद सांसद कुमारी सैलजा।

आयोजित गोल्डन जुबली वर्ष समारोह को संबोधित कर रही थीं। कुमारी सैलजा ने अपने सांसद कोटे से जिला बार को 25 लाख रुपए देने की घोषणा की और इसके साथ-साथ कानून व गृह मंत्री के समक्ष अधिवक्ताओं के इंश्योरेंस संबंधी मुद्दे को भी रखने का आश्वासन दिया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए सैलजा ने कहा कि पिछले 11 साल से प्रदेश में भाजपा की सरकार है, इसके राज को शासन नहीं कुशासन ही कहा जा सकता है क्योंकि विकास के नाम पर कुछ हुआ नहीं, प्रदेश में बेरोजगारी, अपराध तेजी से बढ़ रहे है। कानून व्यवस्था खत्म हो चुकी है।

### बिहार चुनाव की टाइमिंग पर ये बोलीं

सैलजा ने बिहार में एसआईआर को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि बिहार में इसकी टाइमिंग को लेकर सवाल उठ रहे थे क्योंकि बिहार में चुनाव होने वाले थे, कुमारी सैलजा ने कहा कि चुनाव आयोग को पक्षपात नहीं करना चाहिए उसे निष्पक्ष होकर काम करना चाहिए अगर वह ऐसा करता है तो उसकी भूमिका पर सवाल भी नहीं उठेंगे।

**सूचना**

मैं, रेखा रानी विधवा महावीर निवासी गांव किरतान सब तहसील बालसमंद जिला हिसार बयान करती हूं कि मेरी पुत्री प्रीति मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### रोहित बने एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष

**आदमपुर।** राष्ट्रीय सोनार समाज एसोसिएशन की ओर से समाज को एकजुट करने और स्वर्णकार समुदाय के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से देशभर में संगठन विस्तार का अभियान चलाया जा रहा है। आदमपुर के मेन बाजार निवासी रोहित सोनी को हिसार जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



### रेलवे स्टेशन पर किया श्याम रसोई का शुभारंभ

**आदमपुर।** आदमपुर के श्याम भक्तों व समाजसेवियों द्वारा रेलवे यात्रियों व गरीब लोगों को राहत देने के लिए रेलवे स्टेशन पर श्याम रसोई भोजन व्यवस्था शुरू की गई है। श्याम भक्त सोनू गर्ग ने बताया कि जनसहयोग से यात्रियों व गरीब लोगों के लिए भोजन सेवा शुरू की गई है। यह सेवा प्रतिदिन सुबह 7 से प्रभु इच्छा तक जारी रहेगी। मौके पर पंकज मंगल, बबलू मंगल, रामकिशन, महेंद्र वर्मा, विनोद खन्ना, नरेश सेठ मौजूद रहे।

### कांग्रेसी नेता रणदीप लोहान को मातृशोक

**नारनौंद।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप लोहान की माता का देहांत हो गया। गांव में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर अनेक समाजसेवी संगठनों और नेताओं ने गहरा शोक प्रकट किया है। रणदीप लोहान ने बताया कि उनकी माता 67 वर्षीय प्रेम देवी पिछले काफी समय से बीमार थी। रविवार की शाम को अचानक उनकी तबीयत और ज्यादा खराब हो गई और घर पर ही उन्हें अंतिम सांस ली।

### प्लास्टिक छोड़ो अभियान के तहत जागरूकता कैंप

**नारनौंद।** भारत विकास परिषद् द्वारा वार्ड तीन में स्थित जैन स्थानक में स्वच्छ भारत–स्वस्थ भारत अभियान के निमित्त एक जागरूक बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता नपा चेयरमैन शमशेर कुकन ने की व मुख्य वक्ता के रूप में रेखा गुप्ता प्रांतीय गतिविधि संयोजक महिला सहभागिता हरियाणा पश्चिम प्रांत ने शिरकत की। बैठक में हलवाई, टेंट हाउस संचालक व क्रिया ने का काम करने वाले दुकानदारों ने भाग लिया।

# आमटी झील व पार्क के नवीनीकरण के लिए नगर परिषद ने किया प्रस्ताव तैयार

## विभाग वाइज कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

संयुक्त कार्यालय परिसर में सोमवार को एसडीएम राजेश खोथ की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मासिक बैठक का आयोजन हुआ। एसडीएम ने विभाग वाइज कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम राजेश खोथ ने निर्माण कार्यों से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण अधीन विकास कार्यों को तेजी से पूरा करवाए और जिन विकास परियोजनाओं की राज्य सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है उनका निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाना सुनिश्चित करें। नगर परिषद के कार्यों की समीक्षा के दौरान परिषद के अधिकारियों ने बताया कि आमटी झील तथा पार्क के नवीनीकरण को लेकर प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है, बहुत ही जल्द इस प्रस्ताव को स्वीकृति के लिए उच्च अधिकारियों को भिजवाया जाएगा।

- श्री काली देवी मंदिर के निकट भिवानी रोड पर बनेगा श्री काली देवी चौक
- एसडीएम की अध्यक्षता में विभागों के अधिकारियों की मासिक बैठक

### अतिक्रमण सहन नहीं किया जाएगा

उन्होंने बताया कि श्री काली देवी मंदिर के निकट भिवानी रोड पर श्री काली देवी चौक का निर्माण करवाया जाएगा। इस विकास कार्य के लिए लगभग 80 लाख रुपये की राशि का प्रस्ताव तैयार किया गया है। नगर परिषद अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर में जो लाइटे खराब है उन्हें दुरुस्त करवाए और खरीदी गई 2500 नई लाइटों को लगवाना सुनिश्चित करें। एसडीएम में नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह सड़कों से अतिक्रमण हटाने के लिए समय-समय पर निरंतर अभियान चलाते रहें। उन्होंने कहा कि सड़कों पर किसी भी सूरत में अतिक्रमण सहन नहीं किया जाएगा।


हांसी। अधिकारियों की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते एसडीएम राजेश खोथ।

### 10-15 दिनों में कार्य पूर्ण होगा

एसडीएम राजेश खोथ ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि वह बस अड्डा से पानी निकासी के लिए स्थाई व्यवस्था करवाए, इस पर अधिकारियों ने बताया कि इसके लिए कार्य योजना तैयार कर ली गई है। अगले 10-15 दिनों में यह कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। बैठक में तहसीलदार अनिल कुमार बिढान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा

पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पशुओं को बीमारी से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत उप मंडल के अंतर्गत आने वाले 125000 पशुओं को वैक्सीन के टीके लगाए जाएंगे। यह अभियान 21 नवंबर तक चलेगा। अभियान के प्रथम चरण में 12000 पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि पंचायती जमीनों पर पिछले 20 वर्षों से 500 वर्ग गज तक जमीन के मकान की सूची तैयार कर भिजवाएं।

## किसान सभा ने एसडीएम कार्यालय पर डाला पड़ाव

# आश्वासन पर न पानी निकवाया और न ही दिया गया मुआवजा

### प्रभावित किसानों में जिला प्रशासन व सरकार के खिलाफ नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अखिल भारतीय किसान सभा की हिसार तहसील कमेटी की ओर से एसडीएम कार्यालय पर तीन दिवसीय धरना शुरू कर दिया गया है। धरना की अध्यक्षता तहसील प्रधान रमेश मिरका ने की तथा संचालन तहसील सचिव अभय राम फौजी ने किया। धरना को संबोधित करते हुए किसान सभा के राज्य उपप्रधान शमशेर नंबरदार ने कहा कि पूर्व में तहसील व जिला अधिकारियों ने किसान सभा नेताओं को आश्वासन दिया था कि बाढ़ प्रभावित गांवों और ढाणियों से 15 दिन में पानी निकलवा दिया जाएगा और फसलों को हुए नुकसान की विशेष गिरदावरी करवा कर सभी प्रभावित किसानों को दिवाली से पहले मुआवजा दे दिया जाएगा। इसके बावजूद अभी तक ना तो खेतों व ढाणियों से पानी की निकासी हुई है, ना ही फसलों को हुए नुकसान की गिरदावरी हुई है और ना ही मुआवजा मिल पाया है। खेतों में पानी भरा होने के चलते अगली फसल की बुआई संभव नहीं है।



हिसार। धरने को संबोधित करते किसान नेता। फोटो : हरिभूमि

### धरने को किया संबोधित

धरना को शकुंतला जाखड़, निर्मला देवी, विद्या देवी, नन्ही देवी समंदरो देवी, डा. बलजीत भ्याण, दिनेश सिवाच, मनोहर लाल जाखड़, मंजीत खरड़, लक्ष्मण, रतन, सुरेंद्र मान, ईश्वर, बलराज, रविंद्र मंगाली, जय सिंह फौजी डाबड़ा, ललित शर्मा, सूबे सिंह बूरा, सतपाल शर्मा, रामफल, रोशन लाल, नरेंद्र पूनिया व रामबीर पुट्ठी आदि ने भी संबोधित किया।

### बरवाला में एसडीएम कार्यालय पहुंचे

### किसान-मजदूरों का फूटा गुस्सा

**बरवाला।** अखिल भारतीय किसान सभा और अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के आह्वान पर एसडीएम कार्यालय बरवाला पर आयोजित पड़ाव में कर्मवीर जलंधरा, मास्टर फूल सिंह व डॉ. मियां सिंह बिठमड़ा की संयुक्त अध्यक्षता में सैंकड़ों किसान-मजदूरों ने भाग लिया और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। मजदूरों और किसानों द्धारा सरकार की वायदाखिलाफी व टरकाउ रवैए के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। सभा के नेताओं ने कहा कि सरकार की मांगों के प्रति बेरुखी को देखते हुए 29 अक्टूबर तक बरवाला एसडीएम कार्यालय पर पड़ाव जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जलभराव व बारिश से किसानों की फसलें बर्बाद हो गई है और बची हुई फसलों की सरकार एमएसपी पर खरीद नहीं करके जले पर नमक छिड़कने का काम कर रही है। पडाव में किसान सभा के जिला सचिव सरबत सिंह पूनिया, खेत मजदूर यूनियन के जिला प्रधान डॉ. मियां सिंह बिठमड़ा, किसान सभा बरवाला तहसील के प्रधान कर्मवीर जलंधरा, किसान सभा उकलाना तहसील प्रधान मा० फूल सिंह, तहसील सचिव प्रदीप बूरा, सत्यवान रेढू, खेत मजदूर यूनियन के जिला सचिव रोहतास राजली, किसान नेता बलबीर सिंह नम्बरदार, उप प्रधान इंद्रपाल सिंह धतरवाल, रमेश पूनिया व जिला कमेटी सदस्य कर्मबीर गोड़िया विशेष रूप से शामिल रहे।

# श्री श्याम शरणम समिति का तीसरा भव्य श्री श्याम वंदना महोत्सव

- भजन गायकों ने अपने भजनों से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। श्री श्याम जन्मोत्सव में भजनों की प्रस्तुति देते कलाकार एवं श्रद्धालु।

श्री श्याम शरणम समिति का तीसरा भव्य श्री श्याम वंदना महोत्सव पुराना गवर्नमैंट कॉलेज में पूरे श्रद्धाभाव व उत्साह के साथ मनाया गया। समिति के सचिव कुलदीप ने बताया कि श्री श्याम महोत्सव में सालासर धाम के महाराज अनुज पुजारी का पावन सानिध्य रहा।

इस कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध कलाकारों मुकेश बागड़ा जयपुर, रजनी राजस्थानी जयपुर, नरेश नरसी फतेहाबाद व सुशील अग्रवाल हिसार अपनी मधुर वाणी श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया। भजन गायकों ने अपने भजनों से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान विशाल भंडारा भी लगाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद जयप्रकाश, विधायक सावित्री जिंदल व दीपक गर्ग झज्जर वाले उपस्थित हुए जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मेयर प्रवीण पोपली व पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला ने शिरकत की।

### कुलपति ने किया औचक निरीक्षण

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने सोमवार को विश्वविद्यालय के हिंदी तथा फिजियोथेरेपी विभागों का औचक निरीक्षण किया। कुलपति ने इस दौरान विद्यार्थियों तथा शिक्षकों से बात की तथा कक्षाओं में शिक्षकों व विद्यार्थियों की उपस्थिति के बारे में भी जानकारी ली। कुलपति ने कहा कि विद्यार्थी विश्वविद्यालय के पहले हितधारक हैं। शिक्षकों का यह दायित्व बनता है कि वे न केवल स्वयं नियमित रूप से कक्षाओं में आएं बल्कि विद्यार्थियों को भी नियमित रूप से कक्षाओं में आने के लिए प्रेरित करें। गुजविप्रौवि की राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय पहचान लगातार मजबूत हो रही है।

### 31 को इंदिरा की पुण्यतिथि पर कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि सभा

- जिला अध्यक्ष बृजलाल ने कार्यक्रम में पहुंचने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पूर्व प्रधानमंत्री एवं देश की पहली महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की 41वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 31 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे जिला कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया करेंगे।

इस अवसर पर जिलेभर से कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और इंदिरा गांधी के अनुयायी एकत्रित होकर राष्ट्र की महान नेता को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। बृजलाल बहबलपुरिया ने बताया कि यह श्रद्धांजलि सभा इंदिरा गांधी के आदर्शों, उनके साहसिक नेतृत्व और देश के प्रति उनके समर्पण को याद करने का अवसर होगी। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने भारत की अखंडता और मजबूती के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस भवन, हिसार पहुंचकर इस श्रद्धांजलि सभा में भाग लें।


बृजलाल बहबलपुरिया

# कैडेट्स ने आत्मरक्षा, अनुशासन तथा साइबर सुरक्षा के उपाय सीखे

- हिन्दू पब्लिक स्कूल में 10 दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

तृतीय हरियाणा कन्या बटालियन एनसीसी द्वारा चौधरीवास स्थित हिन्दू पब्लिक स्कूल में जारी 10 दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर छठे दिन की गतिविधियां अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी रहीं। प्रातः सत्र में प्रशिक्षक रोहताश ने कैडेट्स को ताइक्वांडो का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने आत्मरक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसके शारीरिक सदृढ़ता एवं मानसिक एकाग्रता में योगदान के लाभों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया।

दोपहर में कैम्प कमांडेंट कर्नल ज्ञान प्रकाश पाण्डेय ने स्थानीय पूर्व सैनिकों को शिविर स्थल पर भेंट की। दोपहर सत्र में हवलदार जगन ने साइबर सुरक्षा पर एक अत्यंत महत्वपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया। आज का दिन कैडेटों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रहा बल्कि आत्मरक्षा, अनुशासन, और तकनीकी जागरूकता के प्रति उनकी समझ को भी गहराई प्रदान करने वाला सिद्ध हुआ। यह प्रशिक्षण शिविर कैंप कमांडेंट कर्नल ज्ञान प्रकाश पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में मेजर आकांक्षा पांडे, कैंप एडजुडेन्ट कैप्टन स्नेह लता, कैप्टन रजनी रानी, लेफ्टिनेंट गुंजन शर्मा, थर्ड ऑफिसर लवलीन कौर, सीनियर जीसीआई निशा, सीनियर जीसीआई संगीता, जीसीए सोनिका, सूबेदार मेजर सीता राम, सूबेदार निरपाल, सूबेदार टेक सिंह, क्लर्क रोहित शर्मा, अमित नेहरा, लखवीर सिंह एवं विकास कुमार आदि सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।


हिसार। आत्मरक्षा के गुर सीखती कैडेट्स।

# ईमानदारी किसी भी शैक्षणिक संस्थान की होती है आधारशिला : डॉ. गोयल

- ओएसजीयू में 'ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा समारोह' का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शैक्षणिक संस्थानों में पारदर्शिता और नैतिक आचरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक सतर्कता सप्ताह आयोजन किया गया है। यह पहल विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) केंद्रीय सतर्कता आयोग और शिक्षा मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप है। इस महत्वपूर्ण पहल की शुभारंभ पर विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज ने एक ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा समारोह का सफल आयोजन किया। समारोह का मुख्य उद्देश्य ईमानदारी बनाए रखने और भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई में फैकल्टी और कर्मचारियों की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना था। सतर्कता सप्ताह की थीम सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी है रखी गई है। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल ने कहा कि ईमानदारी किसी भी शैक्षणिक संस्थान की आधारशिला होती है। प्रो चांसलर डॉ पुनम गोयल ने कहा कि सतर्कता सप्ताह हमें अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए सर्वोच्च नैतिक मानकों को बनाए रखने की याद दिलाता है। समारोह में कुलपति डॉ एन पी कौशिक व प्रति कुलपति डॉ. राजेंद्र सिंह छिल्लर, रजिस्ट्रार डॉ. सत्यवीर सिंह, डीन और विश्वविद्यालय के सभी स्कूलों के प्रभारी शामिल हुए। कार्यक्रम के संचालक डॉ संगीता जैन रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. नीलम सिहाग, डीन लीगल विभाग, एडवोकेट नीरज तनेजा व करीना ने अहम भूमिका अदा की।


हिसार। समारोह में उपस्थित ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय के अधिकारी व अन्य।

# जलभराव से परेशान ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

- मकानों की दीवारों में आई दरार और बीमारियों का खतरा : ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

रेलवे स्टेशन से सटे गांव प्रेम नगर में बरसाती पानी से हुए जलभराव के बाद से निकासी नहीं होने पर वहां रहने वाले लोगों के सामने गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। सोमवार को ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपमंडल परिसर पहुंचकर तहसीलदार अनिल कुमार बिढान को बरसाती पानी की निकासी की मांग को लेकर एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने जल्द से जल्द बरसाती पानी की निकासी की व्यवस्था करने की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में पिछले कई महीनों से बरसात का पानी जमा है। निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण घरों की दीवारों में दरारें पड़ने लगी हैं, जिससे कई मकान कमजोर हो गए हैं। इसके अलावा लोगों को आवागमन में भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जलभराव के कारण उनके घरों के आस-पास मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि वे इस समस्या को लेकर पहले भी जन स्वास्थ्य विभाग और अन्य संबंधित विभागों में कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इस अवसर पर जय हिंद ई-रिक्शा चालक यूनियन के प्रधान सुनील कुमार, मजोका, आशीष प्रजापति, विनोद कुमार, राम अवतार और सुल्तानी सहित कई ग्रामीण शामिल थे।


हांसी। तहसीलदार अनिल कुमार बिढ़ान को ज्ञापन सौंपते गांव प्रेम नगर के ग्रामीण।

# स्पर्धा में चेतना सदन प्रथम

- श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल में अंतर सदन रंगोली मेकिंग एवं क्लासरूम सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के जागृति, प्रेरणा, चेतना एवं श्रद्धा सदन के बच्चों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने आकर्षक व प्रेरक रंगोली बनाकर कला कौशल का प्रदर्शन किया। स्कूल प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता में अपनी सृजनात्मक और सौंदर्य के लिए चेतना सदन ने प्रथम स्थान, प्रेरणा सदन ने द्वितीय एवं जागृति सदन ने तृतीय स्थान हासिल किया।

श्रद्धा सदन ने उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।विद्यालय प्राचार्य ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। प्राचार्य ने कहा कि रंगोली हमारी सांस्कृतिक विरासत है। इसे आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। रंगोली शब्द सुनते ही दिलों-दिमाग में रंगों की उमंगें हिलौरें लेने लगती हैं। शुभ मौके पर घर के द्वार में रंगोली सजाना हमारी भारतीय संस्कृति का एक अहम हिस्सा है और हमें हमारे वास्तविक रीति-रिवाजों से बांधे रखती है। आदि काल से चली आ रही इस परंपरा का वजूद कायम है। इस मौके पर विद्यालय अध्यक्ष राजपाल यादव, सचिव सत्यवान यादव, मुख्याध्यापिका पिंकी यादव एवं सभी शिक्षकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


हांसी। प्रतियोगिता में रंगोली बनाती छात्राएं।

## श्री काली देवी विद्या मंदिर में पांच दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ

# फैंसी ड्रेस पमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सबका मन मोहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

श्री काली देवी विद्या मंदिर में सोमवार को परंपरा के रंग, बचपन के संग- संस्कृति की छाया में मुस्कुराता बचपन थीम पर आयोजित पांच दिवसीय फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का शुभारंभ अत्यंत उत्साह के साथ हुआ। प्रतियोगिता के प्रथम दिन नर्सरी से द्वितीय कक्षा तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने अभिभावकों के साथ मंच पर भागीदारी कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यालय की पूर्व छात्रा व हिसार के सर्वेश हेल्थ सिटी में डेप्युटी मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. स्निग्धा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान मंच पर बच्चों ने भारतीय परंपरा के विविध रंग बिखेरते हुए लोक संस्कृति, त्योहारों आदि को सजीव कर दिया। अभिभावकों की सहभागिता ने आयोजन को और भी विशेष बना दिया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्या गीता मेहता ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद करते हुए कहा कि विद्यालय के लिए यह गर्व का विषय है कि हमारी पूर्व छात्रा आज समाज में उत्कृष्ट योगदान दे रही हैं।


हांसी। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करती स्कूल प्राचार्या गीता मेहता, डॉ स्निग्धा व अन्य।

### पहले दिन फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के ये रहे विजेता

प्रतियोगिता के समापन पर विजेताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी बी में युविका, खनक व चौकशित जैन प्रथम, जिया, शिवांश एवम कियाँश द्वितीय व सुख, रियांश सैनी व मैशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एलकेजी बी में आयरा, हीरत अरोड़ा व आरुण्य प्रथम, दक्षित, अनायरा व मितांश द्वितीय एवम् देवांश, हर्षवर्धन व वरुण भल्ला तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा यू.के.जी. ए से पारुष, ईशान एवं सारांश प्रथम रहे, सानवी, राह्या व पुण्या गोयल द्वितीय रहे एवम् समायरा व तन्वी तृतीय स्थान पर रहे । कक्षा प्रथम डी से हीरत, दिव्यांश व देविका प्रथम, इवान, आद्विक व वंश द्वितीय एवम् ऋद्धि, वंशिका, लक्षिका व अक्षत तृतीय स्थान पर रहे । द्वितीय बी कक्षा में तन्वी, अग्रिम एवम् नव्या प्रथम रहे, मायरा वाधवा, शिवन्या व आरिका द्वितीय रहे एवं अयाना, हितांशी व मायरा तृतीय स्थान पर रहते हुए अपने अद्भुत अभिनय से सबका मन मोह लिया।